# लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | | |
|---|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे<br>*Time Allowed : **Three** Hours* | Civil Services (Main)<br>Examination, 2026 | अधिकतम अंक : **250**<br>*Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "शासन से जुड़ी चर्चाओं और विश्लेषणों में अन्य विषयों के योगदान को शामिल करना अति आवश्यक है, न कि विषयों के अलग-अलग दायरों के प्रचलन को बनाए रखना।" टिप्पणी कीजिए।

"There is an urgent need to incorporate the contribution of other disciplines into debates and analyses about governance, not the prevalence of disciplinary silos." Comment. *5+5=10*

(b) फ्रेडरिक टेलर के विचार आज के व्यावसायिक जगत में, सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में, 'गिग इकोनॉमी' सहित, अत्यधिक प्रासंगिक बने हुए हैं। टिप्पणी कीजिए।

The ideas of Frederick Taylor remain highly relevant in today's business world, in both the public and private sectors, including the 'gig economy'. Comment. *5+5=10*

(c) एक पारदर्शी संगठन अपने स्टाफ को सभी गतिविधियों से अवगत रखता है। वर्णन कीजिए।

A transparent organisation keeps the staff in the loop. Describe. *10*

(d) क्या शासन-विधि के अंतर्गत सरकारें अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बन गई हैं ? स्पष्ट कीजिए।

Have governments under governance become more transparent and accountable ? Elucidate. *3+7=10*

(e) "डाइसी के 'विधि के शासन' के तीन सिद्धांतों को एक लोकतांत्रिक समाज की महत्त्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आगे विकसित किया गया है।" विवेचना कीजिए।

"Dicey's three principles of the 'Rule of Law' have been further developed to meet the immense needs of a democratic society." Discuss. *5+5=10*

**Q2.** (a) लोक प्रशासन के विभिन्न प्रतिमान 'कैसे' और 'क्यों' के प्रश्नों का समाधान करते हैं, परन्तु वे इस विषय की केन्द्रीयता को अस्वीकार नहीं करते हैं। विवेचना कीजिए।

Different paradigms of public administration deal with the questions of 'How' and 'Why', but do not negate the centrality of the discipline. Discuss. *10+10=20*

(b) डगलस मैक्ग्रेगर का 'पेशेवर प्रबंधक' एक तर्कसंगत, भावनात्मक व्यक्ति है जिसका प्राथमिक कार्य मतभेदों को दूर करना और एक प्रबंधकीय टीम का निर्माण करना है। स्पष्ट कीजिए कि 'पेशेवर प्रबंधक' का उनका विचार, थ्योरी 'वाई' ('Y') से कैसे भिन्न है।

Douglas McGregor's 'Professional Manager' is a rational, emotive individual whose primary role is to work through the differences and build a managerial team. Explain how his idea of the 'Professional Manager' is distinct from Theory 'Y'. *7+8=15*

(c) कार्यस्थल पर निष्पक्षता और समता की अनुभूति व्यक्तियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है। एक इकाई में उत्पादकता बढ़ाने के लिए निष्पक्षता और समता को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा सकता है ? विवेचना कीजिए।

Individuals' perception of fairness and equity at the workplace motivates them to give their best. How can fairness and equity be reinforced to improve productivity in an entity ? Discuss. *10+5=15*

**Q3.** (a) एनपीएम (NPM) और सार्वजनिक शासन के दृष्टिकोणों के अंतर्गत विभिन्न रूपों के विकास के बावजूद, संगठनों में नौकरशाही के लक्षण अपरिवर्तित रहे हैं। इन नौकरशाही लक्षणों के बने रहने के कारण स्पष्ट कीजिए।

Bureaucratic features have remained constant in organisations despite the development of different forms under NPM and Public Governance approaches. Give reasons for the persistence of these bureaucratic features. *10+10=20*

(b) किसी भी संगठन के प्रबंधन की कोई एक सर्वोत्तम विधि नहीं है। इसके बजाए, यह संगठन की आंतरिक उप-प्रणालियों और उसके गतिशील बाहरी वातावरण के बीच इष्टतम संरचना और रणनीतिक सामंजस्य होता है। प्रकाश डालिए।

There is no single best way to manage an organisation. Instead, it is about the optimal structure and strategic fit between the organisation's internal sub-systems and its dynamic external environment. Elucidate. *5+10=15*

(c) न्यायिक नियंत्रण और न्यायिक अतिक्रमण के बीच का सूक्ष्म अंतर तब समाप्त हो जाता है जब न्यायिक विवेक का स्थान सक्रियता ले लेती है। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

The fine demarcation between judicial control and judicial overreach disappears when judicial prudence is replaced by activism. Critically examine. *5+10=15*

**Q4.** (a) अब्राहम मैस्लो ने आवश्यकताओं का सिद्धांत प्रतिपादित किया, जिसमें उन्होंने मानव की मूलभूत आवश्यकताओं को उनके महत्त्व के अनुसार क्रमबद्ध किया। मैक्लेलैण्ड का मत है कि हम सभी के पास तीन अभिप्रेरक होते हैं, और विभिन्न अभिप्रेरकों वाले व्यक्ति भिन्न प्रकार की विशेषताएँ प्रदर्शित करते हैं। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Abraham Maslow propounded the theory of needs, which identified the basic needs that human beings have in order of their importance. McClelland believes that we all have three motivators, and individuals with different motivators exhibit distinct characteristics. Critically examine. *10+10=20*

(b) प्रत्यायोजित विधायन की कार्यात्मक दक्षता तथा जवाबदेही और विधि के शासन के लिए इससे उत्पन्न होने वाले जोखिमों के बीच तनाव का परीक्षण कीजिए।

Examine the tension between the functional efficiency of delegated legislation and the risks it poses to accountability and the rule of law.

*5+10=15*

(c) पदानुक्रमित संरचनाएँ आधुनिक व्यावसायिक जगत के अनुरूप नहीं हैं। आधुनिक संगठनों की संरचना के विभिन्न रूपों पर चर्चा कीजिए।

Hierarchical structures do not align with the modern business world. Discuss the different forms of structuring modern organisations. *5+10=15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) नीति विज्ञानों का उद्देश्य बेहतर नीति-निर्माण के लिए नीतिगत ज्ञान विकसित करना है। टिप्पणी कीजिए।

The objective of policy sciences is to develop policy knowledge for better policy-making. Comment. *10*

(b) प्रशासनिक नैतिकता एक अमूर्त अवधारणा है, और व्यवहार में, 'क्या है' और 'क्या होना चाहिए' के बीच एक अनसुलझा द्वंद्व है। टिप्पणी कीजिए।

Administrative ethics is an abstract concept, and in practice, is an unresolved dilemma between 'what is' and 'what ought to be'. Comment. *10*

(c) क्या राज्य-संचालित विकास बाज़ार की शक्तियों का एक कृत्रिम विरूपण है ? विश्लेषण कीजिए।

Is state-led development an artificial distortion of market forces ? Analyse. *10*

(d) "विधि के प्राधिकार के बिना कोई कर न तो लगाया जाएगा और न ही संगृहीत किया जाएगा।" विश्लेषण कीजिए।

"No tax shall be levied or collected except by authority of law." Analyse. *10*

(e) कार्य अध्ययन और कार्य मापन प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करने के उपाय हैं। टिप्पणी कीजिए।

Work study and Work measurement are techniques for improving administrative efficiency. Comment. *10*

**Q6.** (a) "उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) ने बाज़ार की दक्षता पर बल देते हुए कल्याणकारी राज्य के संरचनात्मक संकट का सफलतापूर्वक समाधान किया, जिससे सार्वजनिक सेवा के लिए आवश्यक सामाजिक समता के लक्ष्य क्षीण हो गए।" व्याख्या कीजिए।

"Liberalization, Privatization and Globalization (LPG) successfully resolved the structural crisis of the welfare state with emphasis on market efficiency, undermining the social equity goals essential to public service." Explain. *5+15=20*

(b) फेरेल हेडी की प्रशासनिक संरचनाओं पर बल और फ्रेड रिग्स के पारिस्थितिक 'प्रिज़्मैटिक' मॉडल के बीच के अंतरों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। इनमें से कौन-सी रूपरेखा विकासशील राष्ट्रों के अध्ययन हेतु अधिक प्रभावी साधन है ? परीक्षण कीजिए।

Critically analyse the differences between Ferrel Heady's focus on administrative structures and Fred Riggs's ecological 'Prismatic' model. Which one of these frameworks provides a more effective tool for the study of developing nations ? Examine. *7+8=15*

(c) नई संचार प्रौद्योगिकी ने न केवल सरकार के साथ जनसंवाद को अधिक सशक्तता से संभव बनाया है, बल्कि यह आंतरिक संगठनात्मक सामूहिक कार्य (टीमवर्क) के एक नए माध्यम के रूप में भी सहायक है। विवेचना कीजिए।

New communication technology has not only enabled more robust public engagement with the government, but also serves as a new means of internal organizational teamwork. Discuss. *5+10=15*

**Q7.** (a) तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदय ने न केवल लोक प्रशासन के ज्ञान का विस्तार किया है, बल्कि एक अंतर-सांस्कृतिक व अंतर-राष्ट्रीय रूपरेखा के संदर्भ में इसकी समझ विकसित करने में भी योगदान दिया है। परीक्षण कीजिए।

The advent of Comparative Public Administration not only widened the knowledge of Public Administration, but also contributed to developing its understanding in a cross-cultural and cross-national framework. Examine. *10+10=20*

(b) नीति-निर्माण में तार्किकता एक चुनौती है, और इसका अभाव नीति प्रक्रिया के लिए एक संकटपूर्ण स्थिति है। परीक्षण कीजिए।

Rationality in policy-making is a challenge, and its absence is a predicament for the policy process. Examine. *5+10=15*

(c) आर्थिक विकास को गति देने के एक साधन के रूप में घाटे का बजट, सरकारी निवेश और पहल के साथ सामने आया। क्या उदारवादी विचारधारा के इस दौर में घाटे का बजट प्रासंगिक है ? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए।

Deficit budgeting as a tool for stimulating economic development emerged with government investment and initiative. Is deficit budgeting still relevant in the era of liberal ideology ? Justify your answer. *3+6+6=15*

**Q8.** (a) वित्तीय ईमानदारी, कानूनों और प्रदर्शन मानकों का अनुपालन, तथा कुशल, किफ़ायती एवं प्रभावी सेवा वितरण प्रदर्शन – ये प्रत्येक सरकार के लिए अनिवार्य हैं। सार्वजनिक वित्तीय उत्तरदायिता सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान में प्रचलित पद्धतियों की चर्चा कीजिए और इसके सुधार हेतु सुझाव भी प्रस्तुत कीजिए।

Financial integrity, compliance with laws and performance standards, and efficient, economical and effective service delivery performance are mandatory for every government. Discuss the existing practices in ensuring public financial accountability and also give suggestions to improve it. *20*

(b) "सार्वजनिक सेवाओं का आधुनिकीकरण दुनिया भर की सरकारों के लिए एक अपरिहार्य प्राथमिकता बन गया है।" उपर्युक्त कथन के आलोक में लोक सेवाओं के आधुनिकीकरण को प्रेरित करने वाली प्रमुख वैश्विक प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

"Modernization of public services has become an unavoidable priority of governments worldwide." Discuss the key global trends driving the modernization of public services in the light of the above statement. *7+8=15*

(c) पर्ट (PERT) बड़े पैमाने की परियोजनाओं में समय-संबंधी अनिश्चितताओं के प्रबंधन के लिए एक परिष्कृत रूपरेखा प्रदान करता है। जटिल परिस्थितियों में इस तकनीक की रणनीतिक उपयोगिता और अंतर्निहित सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए।

PERT provides a sophisticated framework for managing temporal uncertainties in large-scale projects. Evaluate the strategic utility and inherent limitations of this technique in complex environments. *5+5+5=15*